### एक नजर में

**राजस्व मंत्री करण सिंह कल राजगढ़ में**

**राजगढ़ 04 फरवरी, का.** मध्यप्रदेश शासन राजस्वल विभाग मंत्री करण सिंह वर्मा 06 फरवरी को दोपहर 2 बजे राजगढ़ आएगें. आगमन पश्चीत मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्री श्रीवर्माकेन्द्री य बजट 2026-27 विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे. तत्पश्चात मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्री करण सिंह वर्मा दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रे ट सभागार में जिले के समस्त 2 राजस्व अधिकारियों की बैठक में सम्मिलित होंगे. सम्मिलित होने उपरांत मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्री करण सिंह वर्मा राजगढ़ से प्रस्थान करेंगे.



**प्रीतम बैरागी ने किया पदभार ग्रहण**



**पडाना 04 फरवरी, सं.** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला ब्यावरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में प्रीतम बैरागी ने नवीन प्रधानाचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया. इस मौके पर जिला समिति सदस्य डॉक्टर दुर्गेश चंद्रवंशी, तहसील प्रमुख वीरेंद्र विश्वकर्मा, संकुल प्रमुख गिरीश बैरागी, संयोजक मुकेश जलोदिया पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम भैसानिया मऊ विद्यालय प्राचार्य हरिओम राजपूत और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. संयोजक ने प्रीतम बैरागी का अक्षत कुमकुम लगाकर स्वागत किया और सभी ने उन्हें बधाई देते हुए सफलता की कामना की.

**इंडस्ट्रीज एरिया एसोसिएशन की बैठक, नए अध्यक्ष बनाए**

**पीलूखेड़ी 03 फरवरी, सं.**



इंडस्ट्रीज एरिया एसोसिएशन पीलूखेड़ी की मासिक बैठक में अध्यक्ष राकेश चौधरी का विदाई समारोह फाइटो ड्रग्स कंपनी परिसर में सदस्यों ने शाल और श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी. सर्व सम्माति से मदन गोपाल चौधरी को एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया. बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत डॉ अमित नायक एवं पंकज ने किया. बैठक में मयंक बाजपेई वाइस प्रेसीडेंट मानव संसाधन ओसवाल डेनिम लिमिटेड एवं महा सचिव एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री पीलूखेड़ी, उपाध्यक्ष मुंशी भगत, सचिव एवं कोका कोला कंपनी की मैनेजर अश्वनी ऐलन, एम पी प्रिसिजन कंपनी के निदेशक महेंद्र श्रीवास्तव, अरूण शर्मा, राहुल अग्रवाल, अहिजीत भौमिक एचपीसीएल यूनिट हेड, कोका-कोला एचआर मैनेजर रवि कुमार, लैप इंडिया एचआर मैनेजर अनुभव भाले, शाहिद पठान, विनोद गवलानी, योगेश शर्मा, आलोक शर्मा, लईक खान, रॉबिन गुलवानी, दीपेश गुप्ता, राजेंद्र सिंह गौड़, अभय सिंह, शब्बीर खान, महेश विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थिति थे.

# राजस्थान पुलिस ने जिले में पकड़ी ड्रग फैक्ट्री

## माचलपुर थाने के गोघटपुर में चल रही थी एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री, बड़ी मात्रा में केमिकल बरामद, आरोपी फरार

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 04 फरवरी,का.** राजस्थान-मप्र ती की सीमा पर बसे माचलपुर कस्बे के समीप मंगलवार की रात्रि को राजस्थान के झालावाड़ जिले की विशेष टीम ने ग्राम गोघटपुर में मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण करने वाली फैक्ट्री पकड़ी है. इसमें लाखों रूपये का मादक पर्दाथ बरामद किया है.

हालांकि मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका है. झालावाड़ एसपी अमित कुमार बुढ़ानिया ने एनडीपीएस एक्ट के विरूद्ध इसे बड़ी कार्रवाई बताया है. उधर राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने भी इस कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए इसे मप्र पुलिस की सफलता बताते हुए इस पर प्रशंसा व्यक्त की है.

झालावाड़ एसपी ने बताया कि पाटन जिला झालावाड़ द्वारा दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में यह जानकारी में आया था कि आरोपी रघुनंदन पिता गोवर्धन पाटीदार निवासी ग्राम गोघटपुर थाना माचलपुर मप्र द्वारा अपने निवास स्थान पर ड्रग्स निर्माण की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी.

### झालरापाटन और आगर की दबिश में खुला ड्रग फैक्ट्री का राज

पुलिस के अनुसार 3 फरवरी की रात्रि में गश्त के दौरान ग्रोथ सेन्टर चोराहा झालरापाटन पर संदिग्ध अवस्था में खडी नजर आई पीकअप वाहन व महिन्द्रा टीयूवी व उनमे सवार संदिग्ध दीपक पुत्र श्यामलाल ब्राह्मण उम्र 30 साल निवासी नरवल थाना आगर जितेन्द्र सिंह पुत्र कमल सिंह राजपूत उम्र 41 वर्ष निवासी गोन्दल मउ थाना नलखेडा जिला आगर,शेलेन्द्र विलाला पुत्र रमेशचन्द विलाला उम्र 26 साल निवासी गोन्दल मउ थाना नलखेडा जिला आगर की तलाशी ली गई तो पीकअप वाहन में घरेलू सामान की आड में रखे हुए 06 प्लास्टिक के ड्रमों में भरा हुआ. कुल 320.72 ग्राम मादक पदार्थ विनिर्माण के काम आने वाला संदिग्ध केमीकल बरामद हुआ. संदिग्ध से पूछताछ पर उक्त केमीकल ट्रान्सपोर्ट के जरिये महाराष्ट्र से कोटा मंगवाना तथा कोटा से किराये के पीकअप वाहन में भरकर आगर ले जाकर जयनारायण उर्फ मामू निवासी छावनी आगर को डीलीवरी देना एवं जयनारायण उर्फ मामू द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर संदिग्ध केमीकल का इस्तेमाल मादक पदार्थ एमडी अथवा एसी ही ड्रग्स बनाने में करना बताया. चूंकि डिटेनशुदा संदिग्धान के साथियों द्वारा मप्र में ड्रग्स फैक्ट्री संचालित कर ड्रग्स निर्माण किये जाने की विश्वसनीय सूचना थी ऐसे में थाना धिकारी अल्का पुनि द्वारा स्पेशल टीम प्रभारी को आवश्यक हिदायत देकर मय टीम के रवाना किया गया. जिला स्पेशल टीम मय टीमों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आगर म.प्र. पुलिस से समन्वय स्थापित कर उनके सहयाेग से देर रात्रि संदिग्ध केमीकल की डीलीवरी लेने वाले जयनारायण उर्फमामू व उसके एक अन्य सहयोगी रामलाल को सुसनेर (आगर) से डिटेन करने मे सफलता प्राप्त की है. जयनारायण उर्फ मामू ने पूछताछ पर बताया कि वह उक्त केमीकल की डिलीवरी रघुनन्दन पाटीदार निवासी गोगडपुर थाना माचलपुर म.प्र. को सुसनेर (आगर) के पास देने वाला था. इस पर पुलिस टीम रघुनन्दन की तलाश के लिये रवाना हुई लेकिन शक होने से रघुनन्दन अपनी कार लेकर फरार हो गया. जयनारायण उर्फ मामू के कहे अनुसार रघुनन्दन की संभावित ठिकानों पर काफी तलाश की व उसके उपरान्त माचलपुर पुलिस के साथ उसके घर पर दबिश दी. जहां पर मादक पदार्थ एमडी बनाने की फैक्ट्री मिली जिस पर सम्बन्धित पुलिस थाना द्वारा एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जा रहा है. वहां से बडी मात्रा में मादक पदार्थ एमडी बनाने के उपकरण व केमीकल बरामद हुआ है.

हमारी टीम ने बीते दिनों झालरापाटन में एक संदिग्ध को पकड़ा था. उससे पूछताछ में मप्र के आगर और सुसनेर ईलाके में ड्रग तस्करी की मूवमेंट की जानकारी मिली. हमने वहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया. कुछ संदिग्धों को पकड़ने के बाद भी पूछताछ की गई तो मप्र के राजगढ़ जिले के माचलपुर के समीप ड्रग बनाने की यूनिट का पता चला. मुख्य आरोपी फरार है. राजगढ़ एसपी अमित सुरेश तोलानी और टीम के सहयोग से हमने जखीरे को बरामद किया है. मुख्य आरोपी की तलाश जारी है. जल्द उसे पकड़ लेंगे.



**अमित बुडानिया,**
**एसपी झालावाड़ राजस्थान**

### 43 किलो केमिकल बरामद, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ों की कीमत

मौके पर दबिश के दौरान पुलिस को एपोईन एंड फार्मा कंपनी के मेलाटोनिन 04 पैकेट, कुल वजन 4 किलो 810 ग्राम, 2. रेन्केम लैबोरेटरी रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (2-प्रोपेनॉल) 490 ग्राम व 360 ग्राम, रेन्केम लैबोरेटरी 4 के रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद मैथेनॉल ङ्ग 470 ग्राम व 220 ग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 4.810 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 5.380 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 17.695 किलोग्राम, स्टील/प्लास्टिक मिश्रित कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 7.950 किलोग्राम, सफेद प्लास्टिक पॉलिथिन में भरा सफेद केमिकल पाउडर 910 ग्राम मिला है. इस प्रकार उपरोक्त केमिकल पाउडर का कुल वजन 43.095 किलोग्राम व अन्य सामग्री बरामद की गई है.

### असामाजिक तत्वों और व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़, 04 फरवरी, का.** आगामी महाशिवरात्रि मेला एवं पर्व को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में एसडीएम श्री सुशील कुमार, एसडीओपी श्रीमती नेहा गौर, थाना प्रभारी एस.एस. चौहान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी से प्रारंभ हो रहे महाशिवरात्रि मेले तथा 15 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे. श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम सक्रिय रहेगी. असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा. प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से पर्व मनाने का आग्रह किया है.



## सारंगपुर नगर का 21 वर्षीय युवक बना पायलट

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 04 फरवरी, सं.** शहर के मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी, पिता मुबारिक मंसूरी शासकीय शिक्षक का पुत्र 21 वर्ष की उम्र में 200 घंटे की उड़ान पूरी कर कमर्शियल पायलट बने. उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल, सारंगपुर से पूरी की. बचपन से ही विमानों और उड़ान के प्रति गहरा लगाव ने जीवन का लक्ष्य बनाया. जेईई की तैयारी छोड़कर एविएशन में अपना करियर बनाया. इसके बाद उन्होंने डीजीसीए की सभी प्रतियोगी परीक्षाएँ एक ही प्रयास में सफलतापूर्वक पास कीं, जो उनके लिए एक बड़ा माइलस्टोन रहा और उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान मिली. उन्होंने अपनी फ्लाइट ट्रेनिंग भारत की टॉप फ्लाइंग अकादमी रेडबर्ड एविएशन से पूरी की. ट्रेनिंग के दौरान उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर अभ्यास व मेहनत से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे. आज वे एक सफल इंस्ट्रक्टर पायलट हैं और नए छात्रों को उड़ान की ट्रेनिंग देने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और सुरक्षा के प्रति गंभीर सोच भी विकसित कर रहे हैं. वे मानते हैं कि एविएशन में सबसे पहले सुरक्षा आती है, क्योंकि यहाँ लिया गया हर निर्णय कई जिंदगियों से जुड़ा होता है. छोटे शहर से निकलकर कॉकपिट तक पहुँचना आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने है. इस उपलब्ध पर राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. अली,सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल मैनेजर फादर पॉल, प्रिंसिपल सिस्टर मर्लिन, वाइस प्रिंसिपल अमजीत सर, सद भावना मंच के संयोजक कुरैशी, आदि ने बधाई शुभकामनायें दी.

### सीता देवी उदावत दिवंगत, पंचतत्व में विलीन

बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**नवभारत न्यूज, पचोर 04 फरवरी, सं.** सर्राफा व्यवसायी किशोर उदावत, जयप्रकाश, राधेश्याम, राजेश, पुरुषोत्तम एंव मनीष उदावत की पूज्य माताजी श्रीमति सीतादेवी उदावत का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया. श्रीमती सीता देवी उदावत स्वर्गीय महेश कुमार उदावत नरसिंहगढ़ वाले की धर्मपत्नी थी. श्रीमती उदावत सहज सरल एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी.
स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको जनप्रतिनिधियो सर्राफा व्यवसायो एवं सामाजिक बंधुओं ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि के उनके पुत्र किशोर उदावत, जयप्रकाश, राधेश्याम, राजेश, पुरुषोत्तम, मनीष एवं परिवार जनों ने दी.

## अम्बेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने पर आक्रोश

खिलचीपुर के ग्राम भादाहेड़ी का मामला

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 04 फरवरी, सं. खिलचीपुर थाना क्षेत्र के भादाहेड़ी गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी लगने पर ग्रामीणों ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर स्थिति देखी और तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर खिलचीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रतिमा व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की.**

गांव के एक युवक ने बताया कि उसके दादा मांगीलाल वर्मा जब वहां से गुजर रहे थे, तब उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा. इसके बाद उन्होंने गांव के लोगों को जानकारी दी, जिससे ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए. ग्रामीणों के अनुसार प्रतिमा के पास तीन से चार पत्थर पड़े हुए मिले हैं. इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इन्हीं पत्थरों का उपयोग कर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया है. घटना को गंभीरता से लेते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है. सतर्कता के लिहाज से खिलचीपुर सहित आसपास के थाना क्षेत्रों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

### मिशन वात्सल्य योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 04 फरवरी, का.** मिशन वात्सल्य योजना के तहत् जोखिम ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैंपिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को कलेक्टिर डॉ. गिरीश कुमार मिश्राएवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारेके मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत सभागार में किया गया. कार्यशाला में श्रीमती अर्घा तिवारी, मास्टर ट्रेनर उदयन केयर एवं श्रीमती इंदू सारस्वत, राज्य समन्वयक, ममता संस्था के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. उपरोक्त कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारीमहिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबूखरे, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, न्याय विभाग, प्रशासक, वन स्टॉप सेंटरके समस्त परियोजना अधिकारी समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताऐं व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें.

## नपा ने वार्डों में कैम्प लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 04 फरवरी, सं.** शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को योजना का त्वरित लाभ पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य से प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है. इस अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है इस तारतम्य में




नगर परिषद द्वारा शिव मंदिर रामलीला चौक में वार्ड क्रमांक 07, 08, 09 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित किया गया जिसमें लोगों की समस्या सुनकर आवेदन लिए गए. जहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, नपा कर्मचारी रमेश मालवीय, ओंकार लाल मंडलोई, कमल भावसार, राकेश मंडलोई जसवंत दांगी, कमल मंडलोई, अजय दांगी राजेन्द्र खींची, मनोहर दांगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंगला गुप्ता एवं हितग्राही उपस्थित रहे.

### करियर मार्गदर्शन मेला लगाया

**नवभारत न्यूज, पडाना 04 फरवरी, सं.** शासकीय हाई स्कूल मगराना में करियर मेले का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रों को करियर से संबंधित मार्गदर्शन के रूप में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ काउंसलर लक्ष्मी नारायण सूर्यवंशी ने छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल संचार कौशल, टेक्निकल स्किल, लीडरशिप स्किल, प्रोबलम सॉल्विंग स्किल जैसे नए अवसरों का लाभ उठाना. अपने क्षेत्र में अद्यतन रहना. टीम का नेतृत्व करना. चुनौतियों का सामना करना. अपने लक्ष्य को प्राप्त करना जैसे जीवन में चार स्किल का महत्व बताया. रचनात्मक विकास करने के लिए प्रेरित किया. इस मौके पर हिंदी शिक्षक मनीष सेन ने छात्रों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी. इस अवसर पर प्राचार्य कुंदन कुमार वर्मा, भगवान सिंह मीणा, आरडी वंशकार, नरेंद्र सिंह राजपूत, मुकेश वैष्णव और अन्य शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे.

**व्यवस्था** ▶ **निरीक्षण के दौरान मिली जानकारी, 102 महिलाओं को प्रसव के लिए जाना पड़ा राजस्थान**

# इलाज के लिए महिलाओं को जाना पड़ता है राजस्थान

**सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने किया विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़/जीरापुर 04 फरवरी, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा गतदिवस जनपद पंचायत खिलचीपुर में औचक निरीक्षण किया गया.औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय जनपद पंचायत खिलचीपुर की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 6 लोग



उपस्थित पाये गये एवं शेष अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियो के आधे दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये गये. तत्पश्चात् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुवरजी की बडली जैतपुराकलॉ का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक उपस्थित पायागयातथा एक शिक्षक देरी से विद्यालय में उपस्थित हुए, आंगनवाडी ठीक से नहीं पाई गई, जिस पर महिला बाल विकास विभाग को आंगनवाडी ठीक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा जनपद पंचायत जीरापुर की ग्राम पंचायत गोघटपुर में शमशान घाट का निरीक्षण किया गया. जिसमें शमशान घाट में पेवर लगे एवं बैठन के व्यवस्था एवं पूर्ण रूप से व्यवस्थित पाया गया. जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रशंसा व्यक्त की गई. आंगनवाडी में आशाकार्यकर्ता से जानकारी ली गई. जिसमें 102 महिलाएं गर्भवती दर्ज पाई गई. जिनको प्रसव हेतु माचलपुर, जीरापुर एवं राजस्थान जाना पडता है, को देखते हुए मौके पर ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिवस में पर्याप्त व्यवस्था करने एवं अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये. निरीक्षण के दौरान ग्राम गोघटपुर विद्यालय का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समुह मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया, जिसमें दिन के मीनु अनुसार खीर, पुडी, सब्जी, पाया गया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विद्यालय के बच्चो के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया. गोघटपुर हाईस्कूल में 10 वीं कक्षा के बच्चों से पढाई की जानकारी ली एवं बच्चो को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु सुझाव व पढाई की तकनीक बताई. तत्पश्चात् मठ मंदिर गोघटपुर के पास जल संरचना स्टापडेम व गेबियन सरंचना बनाये जाने हेतु सहायक यंत्री को निर्देशित किया.




## राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल में विदाई एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 04 फरवरी, का.** राजेश्वर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह तथा सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक, फादर अगस्टिन उपस्थित रहे. इस अवसर पर फादर अगस्टिन ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. समारोह के दौरान सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.

इसमें ग्रीन हाउस ने 213 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान. ब्लू हाउस ने 207 अंकों के साथ द्वितीय स्थान और रेड हाउस ने 190 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर अगस्टिन, प्राचार्या सिस्टर टेस्लीन एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे.